प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान का परिचय

तकनीकी शिक्षा को आयोजित, विकसित तथा एक ठोस आधार प्रदान करने की दृष्टि से भारत सरकार ने 1945 में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् का गठन किया जो तकनीकी शिक्षा के प्रत्येक पहलू में सलाह प्रदान कर सकें।

स्वतत्रता प्राप्ति के तुरंत बाद अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ने अभिशंषा की कि प्रत्येक राज्य में प्राविधिक शिक्षा मण्डल की अलग से स्थापना की जानी चाहिये।

तदानुसार, राज्य सरकार ने अपने आदेश सं. (1) (558) शिक्षा/बी/57 मई, 1957 के अनुसार राजस्थान राज्य के अधिकार क्षेत्र के अन्तर्गत प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान की स्थापना की। यह भी तय किया गया कि प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान का कार्यालय जोधपुर में ही स्थापित होगा जो कि निदेशक प्राविधिक शिक्षा, राजस्थान का मुख्यालय होगा।

प्राविधक शिक्षा मण्डल, राजस्थान ने मई 1957 में शैक्षिक कार्यों को बनाने, मण्डल के निर्णयानुसार ऐसी अधिगम शाखाओं के लिये मानक निर्धारित करने तथा उन्हें बनाये रखने, परीक्षाएं आयोजित करने तथा मण्डल के सम्बद्ध महाविद्यालयों या संस्थानों में चलाये जा रहे पाठ्यक्रमों को सफलतापूर्वक पूरा करने वाले व्यक्तियों को डिप्लोमा तथा अन्य शैक्षिक विशेष योग्यता को प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया।